Amundi
ASSET MANAGEMENT

ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना

## निवेशकों के लिये महत्वपूर्ण जानकारियां

इस दस्तावेज़ में FCPE में निवेशकों के लिये महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। यह दस्तावेज़ विज्ञापन के लिये नहीं है। कानूनी दायित्व के अंतर्गत आपको इस दस्तावेज़ में FCPE में निवेश और उससे संबन्धित जोखिमों की जानकारियां दी जा रही हैं ताकि आप उन्हें उचित प्रकार से समझ सकें। हमारा परामर्श है कि आप इसका उचित संज्ञान लें ताकि आप निवेश करने के पक्ष अथवा विपक्ष में विवेकपूर्ण निर्णय ले सकें।

# ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना

AMF कोड : (C) 990000120159

इस एंटरप्राइज म्युचुअल फ़ंड (FCPE) का प्रबंधन आमुन्दी ग्रुप की कंपनी, आमुन्दी एसेट मैनेजमेंट, द्वारा किया जा रहा है।

FCPE – वेतन बचत फ़ंड पर फ्रेंच कानून लागू होंगे।

## निवेश लक्ष्य और पालिसी

वित्तीय बाज़ारों के प्राधिकरण से श्रेणीकरण : "कंपनी की सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवेश"।
ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना, ("FCPE"), में निवेश करने से आप ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश करेंगे।
FCPE प्रबंधन का लक्ष्य ल'ऑरियल के शेयर का बाज़ार में उतार-चढ़ाव के परिणामों पर नज़र रखना है।
इस लक्ष्य प्राप्ति हेतु FCPE ल'ऑरियल के शेयरों में कम से कम 95% और शेष श्रेणीकृत "वित्तीय" OPCVM और/अथवा FIVG और/अथवा "लघु अवधि वित्तीय" और/अथवा चल परिसंपत्ति में निवेश करेगा।
FCPE का शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य में बदलाव ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश की गई राशि के प्रतिशत के आधार पर इनके उतार-चढ़ाव के परिणामों पर निर्भर करेगा।
फ़ंड द्वारा प्राप्त आय और शुद्ध-लाभ का अनिवार्य रूप से पुन:निवेश किया जायेगा।
FCPE नियमों में वर्णित कार्यप्रणालीयों के अनुसार पुन:खरीद की गतिविधियां दैनिक आधार पर निष्पादित की जायेगी और आप अपने अंशो को दैनिक आधार पर रिडीम कर सकेंगे।
अनुशंसित शेयरधारिता अवधि : 5 वर्ष
इस अवधि में आपकी बचत-ब्लोकिंग अवधि सम्मिलित नहीं है।

## जोख़िम और लाभ की रूपरेखा

न्यनतम जोखिम ⟷ अधिकतम

न्यनतम संभावित लाभ ⟷ अधिकतम संभावित लाभ

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | **6** | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|

FCPE का जोख़िम स्तर 6 का है, अर्थात निवेश जगत में विशेष स्तर।

डिजिटल जोख़िम सूचक की गणना करने हेतु प्रयुक्त ऐतिहासिक आंकड़े FCPE के भविष्य की जोखिम रूपरेखा के आधार नहीं हैं।
इस FCPE से संबन्धित जोख़िम के श्रेणी निश्चित नहीं है और आने वाले समय में इसमें बदलाव हो सकता है।
सबसे निम्न स्तर की श्रेणी का अर्थ "जोख़िम रहित" नहीं है।
प्रारंभ में निवेशित पूंजी पर लाभ की कोई गारंटी नहीं है।

FCPE के लिये सूचक में निम्न महत्वपूर्ण जोख़िमों का विचार नहीं किया गया है :

- चल-परिसंपत्ति का जोख़िम : विशेष रूप से अत्यंत कम शेयर व्यवसाय वाले वित्तीय बाजारों में शेयर मूल्यों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

कोई एक जोख़िम उत्पन्न होने पर पोर्टफोलियो की चल-परिसंपत्ति मूल्य पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

## व्यय

FCPE के परिचालन और अंशो के वितरण हेतु व्यय की व्यवस्था हेतु निवेश में होने वाली संभावित वृद्धि पर प्रभाव पड़ सकता है।

| निवेश पूर्व अथवा पश्चात भुगतान पर स्थानीय शुल्क | |
|---|---|
| प्रवेश शुल्क | कोई नहीं |
| निकास शुल्क | कोई नहीं |
| ये दरें अधिकतम प्रतिशत के आधार पर तय की जाती है जिनका भुगतान आपकी निवेश-पूर्व (प्रवेश) अथवा पुनःखरीद (निकास) पूंजी से किया जा सकता है। निवेशकर्ता अपने उपर लागू होने वाले प्रवेश अथवा निकास शुल्क की जानकारी अपनी कंपनी और/अथवा उसके खाताधारक से प्राप्त कर सकते हैं। | |
| FCPE द्वारा लिये लाने वाला वार्षिक शुल्क | |
| वर्तमान शुल्क | औसत शुद्ध संपत्ति का 0.10% |
| विशेष परिस्थितियों में FCPE द्वारा लगाये जाने वाला शुल्क | |
| प्रदर्शन कमिशन | कोई नहीं |

वर्तमान शुल्क पिछले वित्तीय वर्ष के आंकड़ो पर आधारित होंगे। भिन्न वर्षों में यह प्रतिशतता भिन्न हो सकती है। इसमें निम्न सम्मिलित नहीं हैं :

- किसी अन्य OPC के अंशों की खरीद अथवा बिक्री के समय FCPE द्वारा भुगतान किये गये शुल्क को छोड़कर अन्य मध्यस्थता शुल्क

यदि FCPE द्वारा अपने खातों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है तो प्रस्तावित वर्तमान शुल्क की प्रतिशतता अनुमानित होगी। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिये, FCPE की वार्षिक रिपोर्ट में व्यय की गई राशि का निश्चित आंकड़ा प्रस्तुत किया जायेगा।

FCPE के शुल्क के संदर्भ में अधिक जानकारी हेतु कृप्या www.amundi-ee.com इंटरनेट साइट पर भुगतान के तहत "frais" शीर्षकों पर पधारें।

## पूर्व प्रदर्शन

प्रदर्शन चार्ट में अपने प्रदर्शन को प्रदर्शित करने हेतु आपके *FCPE* में एक पूर्ण कैलेंडर वर्ष के लिए आंकड़ें उपलब्ध नहीं हैं।

FCPE का अनुमोदन निम्न तिथि को हुआ है :
संदर्भ मुद्रा यूरो (EUR) है।

## व्यवहारिक जानकारियां

जमाकर्ता का नाम : CACEIS बैंक
खाताधारक का नाम : आमुन्दी खाताधारक और/अथवा, आवश्यकतानुसार कंपनी द्वारा नामित अन्य खाताधारक
FCPE की कानूनी स्थिति : ग्रुप की इकाई
FCPE अंश-धारिता के आधार पर होने वाले पूंजीगत-लाभ और आय पर आपकी कर-प्रणाली के अनुसार कर लग सकता है।
वर्तमान ऑफर अमेरिका के निवसियों के लिये उपलब्ध नहीं है। "अमेरिकी नागरिक" की परिभाषा कंपनी प्रबंधन की निम्न साइट पर उपलब्ध है : www.amundi.com
FCPE के नियमों में प्रस्तावित कार्यप्रणालीयों के अनुसार पर्यवेक्षी बोर्ड में अंशधारकों के 4 और कंपनी के 3 प्रतिनिधि होंगे। इसके कार्यों में FCPE की प्रबंधन रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय, प्रशासनिक और लेखा-प्रबंधन की समीक्षा करना सम्मिलित है। यह एकीकरण, विभाजन अथवा दिवालियापन पर विशेष रूप से निर्णय लेगा। अधिक जानकारी के लिये कृप्या नियमों का संज्ञान लें।
कंपनी के शेयरों से संबन्धित मताधिकार का प्रयोग पर्यवेक्षी बोर्ड द्वारा किया जायेगा।

कंपनी से उसके संबन्धित सामयिक जानकारियां अनुरोध-पत्र भेज कर प्राप्त की जा सकती हैं।
FCPE के नियम और नवीनतम सामयिक नियंत्रक जानकारी के दस्तावेज़ और अन्य व्यावहारिक जानकारियां प्रबंधन कंपनी से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती हैं।

शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य की जानकारी निम्न इंटरनेट साइट पर उपलब्ध है : www.amundi-ee.com.
आमुन्दी एसेट मैनेजमेंट का दायित्व केवल इस दस्तावेज़ में निहित घोषणापत्रों के आधार पर ही बाध्य किया जा सकता है, जो FCPE के प्रासंगिक नियम और दस्तावेज़ों से भिन्न, गलत अथवा असंगत हो सकते हैं।

यह FCPE फ्रांस में अनुमोदित किया गया है और वित्तीय बाज़ारों के प्राधिकरण (AMF) के नियंत्रण के अधीन है।
आमुन्दी एसेट मैनेजमेंट प्रबंधन कंपनी फ्रांस में अनुमोदित किया गया है और वित्तीय बाज़ारों के प्राधिकरण (AMF) के नियंत्रण के अधीन है।
इस दस्तावेज़ में निवेशकों के लिये प्रस्तुत महत्वपूर्ण जानकारियां एकदम सही और 1 मई 2018 तक अपडेट की गई हैं।